तुझसे काला काला बांसुरी वाला

तुझसे काला काला बांसुरी वाला सारा ज़माना कहे,
श्याम हो श्याम

गोकुल में तुम आया करो ग्वालो को संग में लाया करो,
ग्वालो के संग आकर मोहन माखन मिशरी खाया करो,
खुद को छुपा लो ग्वालो में सखियों की नजर न लगे,
तुझसे काला काला बांसुरी वाला सारा ज़माना कहे,

यमुना किनारे आया करो सखियों को संग में लाया करो,
सखियों के संग में आकर मोहन हिल मिल रास रचाया करो,
राधे को छुपा लो सखियों में,
ग्वालो की नजर न लगे,
तुझसे काला काला बांसुरी वाला सारा ज़माना कहे,

वृन्धावन में आया करो राधे को संग में लाया करो,
राधे के संग में आ कर मोहन बांसुरी मधुर बजाया करो,
बंसी को छुपा लो पीताम्बर में भगतो की नजर न लगे,
तुझसे काला काला बांसुरी वाला सारा ज़माना कहे,

सत्संग में तुम आया करो,
अर्जुन को संग में लाया करो ,
अर्जुन को संग में आकर मोहन गीता ज्ञान सुनाया करो,.
गीता को छुपा लो भक्तो में पापियों की नजर न लगे,
तुझसे काला काला बांसुरी वाला सारा ज़माना कहे,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5297/title/tujhse-kala-kala-bansuri-vala-saara-jamana-kahe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |